हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 7 नवम्बर 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

दिवाली
धमाका ऑफर
इस दिवाली, सोलर लगाओ...
गिफ्ट्स घर ले जाओ!

Celebrate this Diwali with Baba Solars and get exciting FREE GIFTS with your solar installation!

YOUR SOLAR. YOUR GIFT!

OFFER VALID FROM 1ST - 25TH NOVEMBER 2026 ONLY!

3 KW SOLAR SYSTEM
Choose Your FREE Gift:
32-inch Smart TV
OR
Water Purifier + Induction Cooktop

5 KW SOLAR SYSTEM
Choose Your FREE Gift:
Electric Scooty
OR
Washing Machine + Refrigerator

10 KW SOLAR SYSTEM
Get an iPhone FREE!

GRAND LUCKY DRAW
WIN A MAHINDRA BE 6!

One lucky winner will take home the Mahindra BE 6!

BOOK NOW FOR JUST ₹2,000!

Book your solar system with Baba Solars and get a Lucky Draw Coupon!

BaBa Solars

92039 00410
www.babasolars.com

T&C Apply. Offer and gifts subject to applicable terms and conditions.

खबर संक्षेप



बहुरा बाई ने अयोध्या राम मंदिर ट्रस्ट को भेंट किया चांदी का मुकुट

कोरबा। आस्था और समर्पण की एक अनूठी और प्रेरणादायक मिसाल बालकोनगर में देखने को मिली है। वार्ड क्रमांक 40 के पार्षद रजत खूंटे की दादी श्रीमती बहुरा बाई ने अपने परिवार के साथ मिलकर अयोध्या में राम मंदिर ट्रस्ट को 1 किलो 39 ग्राम वजन का भव्य चांदी का मुकुट भेंट किया है। भगवान श्रीराम के प्रति अटूट श्रद्धा रखने वालीं बहुरा बाई का यह समर्पण यहीं नहीं रुका। इससे पहले भी उन्होंने राम मंदिर निर्माण कार्य के दौरान अपनी जमा पूंजी से 1 लाख रुपये की बड़ी राशि दान स्वरूप समर्पित की थी। श्रीमती बहुरा बाई अपने पूरे परिवार और पोते (वार्ड 40 के पार्षद) रजत खूंटे के साथ पावन नगरी अयोध्या धाम पहुंचीं। वहाँ उन्होंने पूरे विधि-विधान और आदर भाव के साथ राम मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों से मुलाकात की और यह चांदी का मुकुट उन्हें सौंपा। ट्रस्ट के सदस्यों ने भी बुजुर्ग महिला के इस अद्वितीय भक्ति भाव और समर्पण की भूरि-भूरि प्रशंसा की और पूरे परिवार को आशीर्वाद दिया।

संदीप ने दी राज्योत्सव में शानदार प्रस्तुति



कोरबा। घंटाघर ओपन ऑडिटोरियम में आयोजित राज्योत्सव में संदीप शर्मा ने शानदार गीतों की प्रस्तुति कर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। शर्मा एवं बिंदु तिवारी ने सर्वप्रथम हनुमान अंश के गीत मैंने तेरे ही भरोसे हनुमान सागर में नैय्या डार दई गीत की प्रस्तुति दी। इसके पश्चात छत्तीसगढ़ी गीत मीठ मीठ लागे माया के बानी इसके प्रसाद सोचेंगे दीवाना फिल्म का सुमधुर गीत सोचेंगे तुम्हें प्यार करें कि नहीं की प्रस्तुति दी। इसके पश्चात डुएट सॉन्ग मै से मीना से ना साकी से गीत गाकर श्रोताओं को प्रभावित किया। इस प्रस्तुति के लिए सीएसपी प्रतीक चतुर्वेदी ने शॉल, श्रीफल, मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

खुशी पड़वार ने कत्थक नृत्य में जीता दूसरा स्थान



कोरबा। सरस्वती शिशु मंदिर सीएसईबी कोरबा पूर्व की छात्रा खुशी पड़वार ने मध्य प्रदेश के अशोकनगर (मालवा क्षेत्र) में आयोजित 'क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव-2026' में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कत्थक नृत्य प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल कर नगर का नाम रोशन किया है। संत रविदास जी की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में सरस्वती शिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित इस 5-स्तरीय प्रतियोगिता में खुशी का प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने पहले जिला स्तर पर प्रथम, फिर अकलतरा में आयोजित संभाग व राज्य स्तरीय स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्रीय स्तर के लिए क्वालिफाई किया था।

आर्यन दुबे ने अंडर 14 क्रिकेट में रचा इतिहास

हरदीबाजार। ग्रामीण अंचल में आधुनिक संस्कार युक्त शिक्षा उपलब्ध कराने को कृत संकल्पित आर्यन पब्लिक स्कूल हरदीबाजार के 12 वर्षीय छात्र आर्यन दुबे ने छत्तीसगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर-14 पचास ओवरों के क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत धमतरी में खेले जा रहे प्लेट ग्रुप मुकाबले में कोरबा जिला की ओर से खेलते हुए क्रिकेट जगत में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। महासमुंद की टीम के विरुद्ध शानदार ओपनिंग बल्लेबाजी करते हुए आर्यन ने पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़कर 34 चौकों एवं 1 छक्के की बदौलत 208 रनों की ऐतिहासिक एवं यादगार पारी खेली। उनकी इस शानदार उपलब्धि ने क्रिकेट प्रेमियों को रोमांचित कर दिया और पूरे कोरबा जिले को गौरवान्वित किया है। आर्यन कोरबा के प्रतिष्ठित आर्यन पब्लिक स्कूल के प्रतिभाशाली छात्र एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री अजय कुमार दुबे एवं आर्यन पब्लिक स्कूल के प्राचार्य श्रीमती मंजू अजय दुबे के सुपुत्र हैं।



जिला पंचायत की सामान्य सभा में विकास कार्यों की हुई विस्तृत समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पंचायत विकास निधि की कार्ययोजना का अनुमोदन



जिला पंचायत के सभाकक्ष में बुधवार को जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रतीक जैन उपस्थित रहे। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों एवं उनकी प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही जिला पंचायत विकास निधि की कार्ययोजना का अनुमोदन किया गया।

अलग खबर

बैठक में वन मंडल कोरबा एवं कटघोरा के विभागीय कार्यों तथा कैम्पा मद से स्वीकृत एवं संचालित कार्यों की समीक्षा की गई। इसके अलावा लोक निर्माण, सहकारिता, अंत्यावसायी एवं रेशम विभाग की योजनाओं और गतिविधियों की प्रगति पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में वर्षा ऋतु के पश्चात ग्रामीण क्षेत्रों में जर्जर एवं क्षतिग्रस्त सड़कों की स्थिति पर विशेष रूप से चर्चा की गई। जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों की आवागमन सुविधा को सुगम बनाने के लिए क्षतिग्रस्त सड़कों की शीघ्र मरम्मत एवं सुधार कराने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस पर संबंधित अधिकारियों को सड़कों की स्थिति का परीक्षण कर आवश्यक मरम्मत एवं सुधार कार्य प्राथमिकता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में निर्देशित किया गया कि शासन के नियमों का पालन करते हुए किसानों से धान खरीदी की जाये। धान खरीदी हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जावे। सामान्य सभा में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों के अंतर्गत संचालित योजनाओं, उपलब्धियों, विकास कार्यों की प्रगति तथा हितग्राहियों को मिल रहे लाभों की जानकारी प्रस्तुत की। जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्रों की स्थानीय आवश्यकताओं एवं ग्रामीणों से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। इस पर अधिकारियों को संबंधित विषयों का नियमानुसार परीक्षण कर समयबद्ध एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती निकिता मुकेश जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रेणुका राठिया, श्रीमती शांति मरावी, श्रीमती सुष्मिता अनंत कमलेश, श्रीमती सावित्री अजय कंवर, श्रीमती सुषमा रवि रजक, विनोद कुमार यादव, श्रीमती माया रूपेश कंवर, कौशल नेटी एवं विद्वान सिंह मरकाम, उपसंचालक पंचायत मिथलेश किसान सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

जरूरतमंदों को पटाखे, दीपक, विद्युत झालर एवं मिठाइयां बांटकर रोशन किए खुशियों के दीप

लॉयन्स क्लब कटघोरा-छुरी ने गरीब परिवारों के बीच मनाई खुशियों वाली दीपावली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

दीपावली का पर्व खुशियों, प्रेम, सौहार्द एवं आपसी भाईचारे का प्रतीक है। इसी भावना को आत्मसात करते हुए लॉयन्स क्लब कटघोरा-छुरी द्वारा दीपावली के पावन अवसर पर पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड अंतर्गत तानाखार पंचायत के ग्राम पचभैया पारा में एक अनूठी एवं सराहनीय पहल की गई। क्लब के सदस्यों ने गांव के गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के बीच पहुंचकर दीपावली की खुशियां साझा कीं और उनके जीवन में उत्साह एवं उमंग का संचार किया।

इस अवसर पर क्लब की ओर से सभी जरूरतमंद परिवारों को सुंदर पटाखे, दीपक, विद्युत लाइट झालर एवं मिठाइयों का वितरण किया गया। सामग्री पाकर बच्चों एवं परिवारों के चेहरों पर खुशी और मुस्कान देखते ही बन रही थी। विशेष बात यह रही कि क्लब के सदस्यों ने केवल सामग्री वितरण तक ही अपनी भूमिका सीमित नहीं रखी, बल्कि स्वयं भी गरीब बच्चों के साथ आतिशबाजी कर दीपावली का पर्व मनाया। इस आत्मीय पहल से बच्चों को अपनत्व का एहसास हुआ और उनकी दीपावली यादगार बन गई। कार्यक्रम के दौरान रीजन पीआरओ अजय धनोंदिया एवं ग्राम पंचायत के सरपंच सहित सभी सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में अजय धनोंदिया ने कहा कि दीपावली का वास्तविक आनंद तभी सार्थक होता है, जब समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन में भी खुशियों का प्रकाश पहुंचे। उन्होंने कहा कि समाजसेवा, मानवता एवं परस्पर सहयोग ही लॉयन्स क्लब का मूल उद्देश्य है। जरूरतमंद परिवारों के साथ त्योहार मनाना सामाजिक दायित्व के साथ-साथ मानवीय संवेदनाओं को जीवंत रखने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। क्लब के उपाध्यक्ष राकेश पाण्डेय ने बताया कि क्लब के द्वारा शुरू से हर वर्ष हर त्योहार में इस गांव में आकर गरीब परिवारों के सांथ हर खुशियों को साझा की जाती है इस गांव की गरीबी को देखते हुए क्लब के द्वारा इस गांव को विधिवत गोद लिया गया है व हर समय इस गांव में आकर लोगो की समस्या से रूबरू होते हुए उनकी समस्याओं को दूर किया जाता है।



बच्चों को सामग्री बांटने के दौरान उपस्थित लायंस क्लब के सदस्य व ग्रामीण।

अपने गंतव्य रवाना होने के समय कोरबा पहुंची लिंक एक्सप्रेस



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

औद्योगिक नगरी कोरबा में रेल यात्रियों की फजीहत थमने का नाम नहीं ले रही है। बिलासपुर-चांपा रेलखंड पर यात्री ट्रेनों का अपने निर्धारित समय से घंटों देरी से चलना अब रोजाना की बात बन चुका है। गुरुवार को भी विशाखापट्टनम से चलकर कोरबा आने वाली लिंक एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से पूरे 5 घंटे की देरी से शाम 4 बजे कोरबा स्टेशन पहुंची।

ट्रेन की इस भारी लेट-लतीफी के कारण यात्रियों को भीषण परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्टेशन पर घंटों इंतजार कर रहे यात्रियों, विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को काफी असुविधा हुई। स्थानीय रेल यात्रियों का कहना है कि कोरबा क्षेत्र से कोयला परिवहन के लिए मालगाड़ियों को लगातार प्राथमिकता दी जाती है, जबकि यात्री ट्रेनों को आउटर या छोटे स्टेशनों पर घंटों रोक दिया जाता है। इसके अलावा, क्षेत्र में चल रहे ट्रैक रखरखाव और निर्माण कार्यों (मेगा ब्लॉक) के कारण भी आए दिन यात्री ट्रेनें अपने नियत समय से कई घंटे पीछे चल रही हैं। यात्रियों ने रेल प्रशासन की इस उपेक्षा पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। उनका कहना है कि नियमित रूप से ट्रेनों के लेट होने से लोगों के जरूरी काम छूट रहे हैं और दैनिक यात्रियों (डेली कम्यूटर्स) का शेड्यूल पूरी तरह बिगड़ गया है। यात्रियों ने मांग की है कि मालगाड़ियों के साथ-साथ यात्री ट्रेनों के समयबद्ध परिचालन पर भी रेलवे प्रशासन गंभीरता से ध्यान दे।

नकली झालर बेचने पर फूटा ग्राहकों का गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रोशनी और खुशियों के महापर्व दीपावली को लेकर ऊर्जाधानी के बाजारों में खासी रौनक बनी हुई है। त्यौहार की तैयारी में लोग जोर-शोर से इलेक्ट्रॉनिक दुकानों पर सजावटी झालरों और लाइटों की खरीदारी कर रहे हैं। हालांकि, इस भीड़-भाड़ और त्यौहार के माहौल का फायदा उठाकर कुछ व्यापारी नकली व घटिया इलेक्ट्रॉनिक्स सामान बेचकर उपभोक्ताओं को चूना लगा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत घंटाघर स्थित 'संदीप इलेक्ट्रॉनिक्स' में सामने आया है, जहां डुप्लीकेट झालर बेचे जाने को लेकर ग्राहकों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। स्थानीय निवासियों और पीड़ित ग्राहकों से मिली जानकारी के अनुसार, घंटाघर स्थित संदीप इलेक्ट्रॉनिक्स में इन दिनों झालर खरीदने वालों की भारी भीड़ उमड़ रही है। बिक्री के दौरान दुकान संचालक ग्राहकों को मौके पर ही झालर जलाकर (चेक कराकर) दिखाता है, जिससे ग्राहकों को सामान के सही होने का भरोसा हो जाता है। लेकिन जैसे ही ग्राहक घर पहुंचकर झालर लगाते हैं, वह जलना बंद हो जाता है या कुछ ही देर में खराब हो जाता है। जब ठगे गए ग्राहक खराब और नकली झालर को बदलने या वापस करने संदीप इलेक्ट्रॉनिक्स पहुंचे, तो दुकान संचालक ने सामान वापस लेने से साफ मना कर दिया और आनाकानी करने लगा। संचालक के इस रवैये और घटिया गुणवत्ता का सामान थमाने की वजह से ग्राहकों का गुस्सा फूट पड़ा। दुकान के बाहर मौजूद लोगों में भारी आक्रोश देखा गया। जब ग्राहक झालर लेकर दुकान संचालक के पास पहुंचते हैं तो दुकान संचालक द्वारा उचित जवाब देने के बजाय ग्राहकों के साथ ही झल्लाकर जवाब दिया जा रहा है। जिससे ग्राहकों में खासा आक्रोश है। दीपावली के ऐन मौके पर उपभोक्ताओं के साथ हो रही इस धोखाधड़ी से लोग ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन, नापतौल विभाग और खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग से मांग की है कि त्यौहार के समय में शहर की इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानों पर बेचे जा रहे डुप्लीकेट और बिना गारंटी वाले सामानों की जांच की जाए और उपभोक्ताओं को चूना लगाने वाले दुकानदारों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

खास बात

- सिविल लाइन थाना क्षेत्र के संदीप इलेक्ट्रानिक्स पर घटिया और डुप्लीकेट सामान बेचने का आरोप

मुड़ापार में महिलाओं ने उठाया बीड़ा, बोलीं अब गांव से नशा खत्म करके ही दम लेंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

विकासखंड पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत मुड़ापार में बुधवार को सरपंच श्रीमती सिल्की कुंवर सिंह राज की अध्यक्षता में उनके नेतृत्व में नशा मुक्त ग्राम के संबंध में विशेष बैठक किया गया। बैठक शांतिपूर्ण, अनुशासित और सर्वसम्मति के साथ संपन्न हुई। गांव को नशामुक्त बनाने के लिए पंचायत भवन प्रांगण में गांव की महिलाओं, पुरुषों, वरिष्ठ नागरिकों, पंचगण और जनप्रतिनिधियों की एक बड़ी और महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। गांव में पहले से मुनादी कराकर सभी को बैठक में बुलाया गया था।

बैठक में संबंधित थाना एवं आबकारी शाखा के अधिकारी श्रीमती दीपमाला व उनकी टीम मौजूद रहे। उन्होंने कहा आप सभी ग्रामीण हमारा साथ दीजिए, हम पूरी कोशिश करेंगे कि मुड़ापार को आदर्श ग्राम बना सकें। पूरा पंचायत भवन लोगों से खचाखच भरा हुआ था। हर चेहरे पर एक ही संकल्प साफ दिख रहा था अब मुड़ापार को नशामुक्त बनाना है। बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को ही नहीं बर्बाद करता, बल्कि पूरे परिवार और पूरे समाज को बर्बाद कर देता है। नशे के कारण घर में रोज झगड़े होते हैं। कमाई का पैसा शराब में उड़ जाता है। बच्चों की पढ़ाई रुक जाती है। घर की औरतों को अपमान और मारपीट सहनी पड़ती है। गांव में अशांति फैलती है। युवा पीढ़ी गलत रास्ते पर चली जाती है। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने नशामुक्त ग्राम बनाने की पहल को जनअभियान का रूप देने की आवश्यकता जताई। सभी ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल किसी एक व्यक्ति, सरपंच या संस्था की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसके लिए पूरे गांव का सहयोग आवश्यक है। ग्रामीणों ने कहा कि गांव में शांति, सुरक्षा और बेहतर सामाजिक वातावरण स्थापित करने के लिए सभी को एकजुट होकर प्रयास करना होगा।



बैठक में उपस्थित सरपंच, पंच, आबकारी अधिकारी व ग्रामीण।

तालाब में तैरती मिली युवक की लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



ग्राम ढनढनी स्थित तालाब में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब ग्रामीणों ने पानी की सतह पर एक अज्ञात शव तैरते हुए देखा। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई और गांव में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को पानी से बाहर निकाला। मृतक की पहचान कटबितला निवासी संतोष कुमार यादव के रूप में की गई है। पुलिस ने शव को पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक तालाब तक कैसे पहुंचा और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले में मर्ग कायम कर आगे की वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

दिनदहाड़े महिलाओं से पर्स लूटने वाले दो नाबालिग सहित 3 को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कोरबा। शहर में लूटपाट करने वाले गिरोह के दो नाबालिग सहित 3 आरोपियों को पुलिस ने धरदबोचा है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से लूटी गई मोबाइल और नगद रकम बरामद किया गया है। थाना सिविल लाइन रामपुर क्षेत्रांतर्गत 3 व 4 नवंबर को राह चलती महिलाओं से पर्स लूट की दो अलग-अलग घटनाएं घटित हुई थीं। पहली घटना में सीमा महंत, निवासी पोड़ीबहार, शाम लगभग 4 बजे पोड़ीबहार से कोसाबाड़ी जा रही थी। इसी दौरान कोसाबाड़ी पानी टंकी के पास मोटरसाइकिल सवार अज्ञात आरोपियों ने पंचनुमा हथियार दिखाकर डराया-धमकाया तथा उनके हाथ में रखे हैंड पर्स को लूटकर मौके से फरार हो गए।

जबकि इसी तरह 4 नवंबर की शाम चंदन सिंह की पत्नी आरती अपनी दो सहेलियों के साथ सेंट जेवियर्स स्कूल में आयोजित वार्षिक उत्सव कार्यक्रम देखने जा रही थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार तीन व्यक्तियों द्वारा उनका पर्स लूट लिया गया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले की तहकीकात में जुटी हुई थी। संदेहियों से पूछताछ एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर मुख्य आरोपी दीपक साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपने दो अन्य साथियों, जो विधि से संघर्षरत बालक हैं।

अशासकीय विद्यालय संघ दीपका का आयोजन

श्रमवीर स्टेडियम में तीन दिवसीय खेलकूद का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आशासकीय विद्यालय संघ दीपका द्वारा 2 से 4 नवंबर तक श्रमवीर स्टेडियम प्रगति नगर दीपका में आयोजित तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आशासकीय विद्यालय संघ कोरबा के अध्यक्ष अक्षय दुबे एवं दीपका थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में दीपका संकुल प्रभारी भवदीप दुबे तथा झाबर संकुल प्रभारी अजय सिंह पत्रकार सुशील तिवारी, विष्णु द्विवेदी, राजीव तिवारी टीम चरक के सदस्य एवं समस्त विद्यालय के संचालक, प्राचार्य वा शिक्षकगण छात्र-छात्राये उपस्थित रहे।



पुरस्कार ग्रहण करते विजेता टीम के खिलाड़ी।

समारोह में अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण आधार है। खेलों से बच्चों में शारीरिक क्षमता, मानसिक मजबूती, अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना एवं नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। पढ़ाई के साथ खेलों में भागीदारी विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में क्षेत्र के सात विद्यालयों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी खेल प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल झाबर, राधेय विद्यापीठ इंग्लिश मीडियम स्कूल झाबर, कलचुरी पब्लिक स्कूल झाबर, सर्वमंगला विद्यालय झाबर, ईस्ट पॉइंट इंग्लिश स्कूल दीपका, आर.एन. इंग्लिश स्कूल दीपका एवं सरस्वती ज्ञान मंदिर दीपका सहित अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। वहीं आयोजन को सफल बनाने में रामकृष्ण स्कूल दीपका, ज्ञान विज्ञान स्कूल दीपका एवं एस.जी.एम. स्कूल दीपका का भी विशेष सहयोग रहा। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों के लिए विभिन्न आयु एवं वर्गों के अनुसार अनेक खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इनमें खो-खो, कबड्डी, रिले रेस, लॉन्ग जंप, हाई जंप, 50 मीटर, 100 मीटर, 200 मीटर एवं 400 मीटर दौड़, शॉट पुट, पेयर रेस सहित प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों के लिए विभिन्न मनोरंजक एवं रोचक खेल शामिल रहे।

रामलीला मैदान में श्रीमद् भागवत कथा 17 से

कोरबा। विश्व मंगल परिवार सेवा संस्थान बालको के तत्वावधान में बालको रामलीला मैदान में 17 नवंबर से 24 नवंबर तक श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस पावन कथा का रसपान श्रीधाम वृंदावन की प्रख्यात कथा व्यास पूजा देवी महेश्वरी श्रीजी द्वारा कराया जाएगा। कथा का समय प्रतिदिन सायं 5:30 बजे से रात्रि 9 बजे तक रहेगा।



तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 22. 0 डिग्री

हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 7 नवंबर 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

4 सब स्टेशन तक पहुंच मार्ग का अभाव कीचड़ में फंस रहे बिजली विभाग के वाहन



खबर संक्षेप

10 को आयोजित होने वाला कलेक्टर जनदर्शन स्थगित

सक्ती। जिला कार्यालय में आयोजित होने वाले कलेक्टर जनदर्शन मे जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आए आमजनों की विभिन्न समस्याएं एवं शिकायतें प्रत्येक मंगलवार को सुनी जाती है। इसी क्रम में 10 नवंबर को आयोजित होने वाला कलेक्टर जनदर्शन अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है।

चावल महोत्सव के साथ रोजगार एवं आवास दिवस आज

जांजगीर-चांपा। कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार पोयाम के मार्गदर्शन में जिले में 7 नवम्बर को चावल महोत्सव के साथ रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राहियों को नवनिर्मित आवासों में गृह प्रवेश के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही वीजीपीपी निर्माण में जनभागीदारी बढ़ाने, क्यूआर कोड के माध्यम से योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने तथा आजीविका डबरी निर्माण के लिए हितग्राहियों को प्रोत्साहित करने संबंधी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

श्री राम नाम जप सप्ताह महायज्ञ 18 से

बिर्रा। जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा के दीवान मोहल्ला में समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से अखंड श्री राम नाम जप सप्ताह महा यज्ञ का आयोजन 18 नवंबर बुधवार को शुभारंभ किया जाएगा। सीताराम राधेश्याम का जाप लगातार एक सप्ताह तक चलेगा। जिसका समापन 25 नवंबर दिन बुधवार को होगा। आयोजन को लेकर ग्राम वासियों के द्वारा तैयारी की जा रही है।

जिला स्तरीय महासंग्राम डांस प्रतियोगिता 10 को

बिर्रा। जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा के शांति चौक में मंगलवार 10 नवंबर को रात्रि 8 बजे से जिला स्तरीय महासंग्राम डांस प्रतियोगिता रखा गया है। इस कार्यक्रम के संबंध में महासंग्राम डांस प्रतियोगिता समिति के अध्यक्ष डॉक्टर कुश पटेल ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संतोष प्रजापति फिल्म अभिनेता होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीली बाई साहू सरपंच ग्राम पंचायत बिर्रा करेगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती मोहन कुमारी साहू, राजू कश्यप, रितेश रमन सिंह आदि होंगे। जिला स्तरीय महासंग्राम डांस प्रतियोगिता कार्यक्रम की आवश्यक तैयारियां की जा रही है।

एफएफएस ऐप के ई-टोकन के माध्यम से खाद उठाव की प्रक्रिया प्रारंभ

सक्ती। जिले में किसानों को खाद का पारदर्शी एवं सुगम वितरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एफएफएस ऐप के ई-टोकन के माध्यम से खाद उठाव की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस नई व्यवस्था के तहत अब किसानों को खाद लेने के लिए दुकानों पर लंबी कतारों में खड़े रहने की आवश्यकता नहीं होगी। किसान अपने मोबाइल पर गूगल प्ले स्टोर से एफएफएस ऐप डाउनलोड कर इसके माध्यम से ई-टोकन प्राप्त कर निर्धारित तिथि एवं समय पर संबंधित खाद विक्रेता के यहां से भारत यूरिया, डीएपी एवं अन्य उर्वरकों का उठाव कर सकेंगे। इस नई व्यवस्था से खाद वितरण प्रणाली में पारदर्शिता आएगी, कालाबाजारी पर रोक लगेगी तथा वास्तविक किसानों को समय पर खाद उपलब्ध हो सकेगी।जिले में हनुमान ट्रेडिंग कंपनी, सपोस, विकासखंड डभरा, नमन ट्रेडर्स, बीरभाठा, विकासखंड मालखरौदा सहित अन्य अधिकृत खाद विक्रेताओं के माध्यम से इस व्यवस्था के तहत खाद वितरण प्रारंभ किया गया है। किसानों में इस पहल को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है।

दीये और झालर से जगमग हुए घर-द्वार, दीपावली का त्यौहार शुरू

धनतेरस पर बाजारों में धनवर्षा जिले में करोड़ों का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

साल के सबसे बड़े त्यौहार दीपावली की शुरूआत शुक्रवार 6 नवंबर को धनतेरस पूजा के साथ हुई। धनतेरस के शुभ मुहूर्त में खरीददारी करने जिलेभर में सुबह से ही लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। शाम तक बाजारों में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हर गली, हर चौक, हर दुकान पर लोगों की चहल-पहल रही। खासकर ज्वेलरी शॉप, बर्तन दुकान व कपड़ा दुकानों में विशेष भीड़ देखी गई। वहीं कचहरी चौक में फूल व सजावटी सामग्रियों की भी दुकान लगी हुई है।

धनतेरस को लेकर शुक्रवार 6 नवंबर को बाजारों में पूरे दिन रौनक रही। धनतेरस के शुभ मुहूर्त पर खरीददारी करने के लिए सुबह से शुरू हुई भीड़ देर रात तक दुकानों में लगी रही। धनतेरस के अवसर पर पारंपरिक रूप से लोग बर्तन, सोना-चांदी, वाहन, और इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदते हैं। इसी परंपरा को निभाते हुए जांजगीर-चांपा के प्रमुख बाजारों में दिनभर रौनक रही। सराफा बाजार से लेकर ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल, कपड़ा और बर्तन की दुकानों में खरीदारों की भीड़ लगी रही। दुकानदारों ने बताया कि इस वर्ष पिछले वर्षों की तुलना में बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। जिले में अनुमानतः करोड़ों रुपये का कारोबार हुआ है। मुख्य बाजार जांजगीर, चांपा, नैला, अकलतरा और सक्ती में दिनभर पार्किंग स्थलों में वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। दीपावली की तैयारी के चलते घरों में भी सजावट की धूम रही। हर घर दीपों, मोमबत्तियों और रंग-बिरंगी झालरों से जगमगा उठा। धनतेरस की शाम को लोगों ने विधिवत धन्वंतरी भगवान की पूजा-अर्चना की और परिवार की समृद्धि व स्वास्थ्य की कामना की। पूजा के बाद लोगों ने घरों में दीपक जलाकर दीपोत्सव की शुरुआत की। दुकानदारों और व्यापारिक संगठनों के अनुसार इस बार इलेक्ट्रॉनिक्स और ज्वेलरी सेक्टर में सबसे ज्यादा बिक्री दर्ज की गई। मोबाइल, टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन जैसे घरेलू उपकरणों की जमकर खरीदारी हुई। वहीं, बर्तन बाजार में भी तांबे-पीतल और स्टील के बर्तनों की अच्छी खासी बिक्री हुई। त्योहार की रौनक से पूरा जिला जगमगा उठा। अब दीपावली और गोवर्धन पूजा की तैयारियां भी जोरों पर हैं। बाजारों में भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। प्रमुख बाजारों में पुलिस बल तैनात रहा और यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए जवान मुस्तैद दिखे।



धनतेरस पर दुकानों में खरीददारी करते लोग।

कलेक्टर ने स्थानीय कारीगरों से खरीदे मिट्टी के दीये



दीपावली पर्व पर स्थानीय कुम्हारों एवं ग्रामीण शिल्पकारों को प्रोत्साहित करने तथा उनके स्वनिर्मित उत्पादों के विक्रय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं श्रीमती शीतल महोबे ने धनतेरस के दिन शुक्रवार 6 नवंबर को कुम्हारों से मिट्टी के दीये खरीदे। उन्होंने स्थानीय कारीगरों द्वारा तैयार किए गए मिट्टी के दीयों की सराहना की तथा जिलेवासियों से दीपावली पर मिट्टी के दीयों का उपयोग करने और स्थानीय कारीगरों द्वारा निर्मित स्वदेशी उत्पादों की खरीद करने की अपील की। कलेक्टर श्री महोबे ने जिले के समस्त नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों को निर्देश जारी कर स्थानीय कुम्हारों एवं ग्रामीण शिल्पकारों को मिट्टी के दीये विक्रय करने के लिए बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराने कहा है। उन्होंने निर्देशित किया है कि दीये बेचने आने वाले कुम्हारों एवं ग्रामीण शिल्पकारों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा उनसे कोई कर अथवा शुल्क नहीं लिया जाए। साथ ही दीपावली के दौरान आयोजित हाट-बाजारों एवं स्थानीय आयोजनों में उन्हें प्राथमिकता से स्थान उपलब्ध कराया जाए।

शनिवार को होगी रूप चतुर्दशी और नरक चौदस

दीपावली से एक दिन पूर्व शनिवार 7 नवंबर को रूप चतुर्दशी एवं नरक चौदस का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन सुबह स्नान-पूजन और शाम को दीपदान का विशेष महत्व है। पौराणिक मान्यता के अनुसार इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण ने नरकासुर का वध कर संसार को भय और अंधकार से मुक्त किया था। लोग तड़के तेल स्नान कर उबटन लगाकर रूप सौंदर्य की कामना करते हैं। शाम को घरों में दीपक जलाकर यमदेव की पूजा की जाती है। इस पर्व को छोटी दीपावली के रूप में भी मनाया जाता है, जिससे दीपोत्सव की औपचारिक शुरुआत मानी जाती है।



ग्राम बनारी में ट्रैक्टर में लगा पटाखा दुकान।

ट्रैक्टर में फेरी लगाकर बेच रहे बारूद शहर की बसाहट में भी बड़ी दुकान

लायसेंस जारी करने में खेला, विस्फोटक नियमों की अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

दीपावली त्यौहार को लेकर पटाखा बिक्री के लिए जहां दुनिया भर के नियम कानून बनाए गए है। शहर के तकरीबन आधा सैकडा छोटे-बड़े व्यापारियों को सालों से हाईस्कूल मैदान में पूरी सुरक्षा के बीच दुकान लगाना पड़ता है, तो वहीं कुछ थोक विक्रेताओं को जिम्मेदार प्रशासनिक अमले ने इस तरह का संरक्षण दे दिया है, जिससे वे ना केवल रिहायशी इलाकों में पटाखा बेच रहे है बल्कि बडी मात्रा में भंडारण भी किया गया है। इतना ही नहीं शहर से लगे गांवों में तो एक थोक व्यापारी ट्रैक्टर में फेरी लगाकर पटाखा बेच रहा है।

जिला मुख्यालय में इन दिनों विस्फोटक नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। कहने को तो प्रशासन द्वारा अनुविभागीय अधिकारी के माध्यम से पटाखा विक्रेताओं को लायसेंस जारी किया गया है। जिसका हर साल नवीनीकरण भी होता है, लेकिन जिला मुख्यालय जांजगीर में ही विस्फोटक नियम एक तरह से मजाक बनकर रह गया है। शहर की सीमा में ही रिहायशी इलाके में बड़ा पटाखा दुकान चल रहा है। इसी तरह नेताजी चौक के पास एक दुकान में बड़ी मात्रा में पटाखा भंडारण कर बिक्री की जा रही है। इसके अलावा एक बडे व्यापारी द्वारा ट्रैक्टर में फेरी लगवाकर गांव-गांव में विस्फोटक बेचने का काम किया जा रहा है। धनतेरस के दिन भी समीपस्थ ग्राम बनारी में बारूद से लगा ट्रेक्टर पहुंचा और दिन भर खरीदी बिक्री का काम होता रहा। ऐसे में यहां कही कोई चिंगारी पड़ जाए तो दुर्घटना का अंदाजा लगाना भी मुश्किल होगा।

दिए है कार्रवाई के निर्देश

पटाखा भंडारण व बिक्री नियमानुसार ही होना है। कही भी सुरक्षा नियमों की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। एसडीएम को जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिए है।

-जन्मेजय महोबे,
कलेक्टर, जांजगीर चांपा

मां को धमकाकर लूट की वारदात करने वाला तीन साल से फरार आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

- घर में घुसकर लूटी थी 19 हजार 400 रुपए नगद और सोने की फुल्ली

अपनी मां को धमकाकर लूटपाट करने वाले तीन साल से फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला फगुरम चौकी अंतर्गत ग्राम कुधरी की है।

इस संबंध में फगुरम पुलिस से सूचना मिली कि ग्राम कुधरी निवासी प्रार्थी कीर्तन गिरी गोस्वामी ने 17 मई 2023 को प्रथम सूचना पत्र दर्ज कराया था कि 15 मई को आरोपी मिथलेश श्रीवास द्वारा रात्रि में घर के अंदर घुसकर उसकी मां को जान से मारने की धमकी देकर नगदी रकम 19 हजार 400 रुपए एवं दो नग सोने की फुल्ली को लूट कर ले गया है। रिपोर्ट पर चौकी फगुरम, थाना डभरा में धारा 457, 394, 506 भादवि. कायम कर विवेचना जारी थी तथा आरोपी घटना कारित कर लगातार फरार था। पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर द्वारा प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए आरोपी के विरुद्ध शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश एवं फरार आरोपी के पता तलाश हेतु ईनाम की घोषणा की गई थी। आरोपी के पता तलाश के लिए एएसपी पंकज पटेल, एसडीओपी डभरा सुमीत गुप्ता एवं थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश पटेल से मार्गदर्शन प्राप्त कर चौकी प्रभारी उप निरीक्षक अनवर अली एवं चौकी फगुरम स्टाफ द्वारा 5 नवंबर को मुखबिर सूचना मिलने पर आरोपी को दबिश देकर पकड़ा गया। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी ने घटना कारित करना स्वीकार किया। मेमोरेण्डम कथन लेने पर लूट कारित मशरूका दो नग सोने की फुल्ली को आरोपी से जप्त किया गया। पुलिस ने आरोपी मिथलेश कुमार श्रीवास उम्र 38 वर्ष, निवासी ग्राम बरमपुर, थाना कुसमुण्डा, जिला कोरबा, हाल मुकाम ग्राम फगुरम, चौकी फगुरम को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उक्त कार्रवाई में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक अनवर अली, प्रधान आरक्षक अश्वनी सिदार, प्रधान आरक्षक लक्ष्मीनारायण राठौर, प्रधान आरक्षक टीकम सिंह साव, आरक्षक अनिल रात्रे, आरक्षक नान्हीराम यादव, आरक्षक सुभाष राज, आरक्षक दिनेश कुमार पटेल एवं आरक्षक अविनाश देवांगन का योगदान रहा।

चांपा में बनी जाम की स्थिति...

चांपा। नगर में दीपावली पर्व की खरीदारी के कारण सड़कों पर उतरे लोगों की भारी भीड़ और मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण के चलते शुक्रवार 6 नवंबर को शहर के कई इलाके जाम से परेशान रहे। इनमें सर्वाधिक रूप से मोदी चौक, सदर बाजार के अलावा बरपाली चौक तहसील मार्ग का इलाका प्रभावित रहा, जहाँ जाम में फंसने के कारण बड़ी देर तक यातायात अवरुद्ध हुआ। इस दौरान व्यवस्था बनाने वाली पुलिस के कहीं दर्शन नहीं होने से लोगों की परेशानी और भी बढ़ गई। पुलिस प्रशासन द्वारा पर्व के दौरान यातायात व्यवस्था सुगम एवं निर्बाध बनाये रखने के दावे किये गए थे, लेकिन ये दावे धरातल पर खोखले साबित हुए तथा दिन भर लोगों को शहर में लगने वाले जाम से परेशान होना पड़ा।



नरक चतुर्दशी पर हनुमान का होगा विजयाभिनंदन

जांजगीर-चांपा। काली चौदस यानी नरक चतुर्दशी दीपावली उत्सव के एक दिवस पूर्व चतुर्दशी तिथि को मनाई जाती है। काली चौदस को काली पूजा, हनुमान पूजा और हनुमान विजय अभिनंदन दिवस के रूप में मनाया जाता है। दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर पुजारी पंडित किरण कुमार मिश्रा ने जानकारी दी कि कहीं-कहीं कार्तिक चतुर्दशी के दिवस को हनुमान जन्म के रूप में भी मानते हैं। यह माना जाता है कि काली चौदस की रात में प्रेत आत्माएं सर्वाधिक शक्तिशाली होती हैं। एक अन्य पौराणिक कथा के अनुसार दैत्यराज रावण को परास्त कर अपने 14 वर्षीय वनवास को पूर्ण करने के पश्चात भगवान राम की पुनः अयोध्या वापसी की प्रसन्नता में दीपावली का महापर्व

वृद्ध महिला की मिली लाश, हत्या का संदेह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 70 वर्षीय वृद्ध महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिलने की सूचना पर पुलिस और फारेसिंक एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंची थी। फिलहाल पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। महिला के सिर पर चोट के निशान पाए गए हैं। इससे संभावना जतायी जा रही है कि बुजुर्ग महिला की हत्या की गई है। पुलिस की टीम विभिन्न एंगलों पर जांच कर रही है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वासत्विक कारणों का खुलासा हो पाएगा। मामला पाली थाना क्षेत्र के ग्राम जमनीमुड़ा की है। यहां निवासरत अगहन कुंवर चौहान 70 वर्ष पिता सहदेव राम चौहान की गुरुवार को घर में संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिली है। लाश मिलने की सूचना पर पाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी। जहां पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया है। महिला के सिर पर चोट के निशान पाए गए हैं। जिससे मामले को हत्या से जोड़कर देखा जा रहा है। पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी हुई है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

मिष्ठान सामग्रियों का सैंपल लेकर भेजा गया प्रयोगशाला

खाद्य सुरक्षा विभाग की दबिश, लापरवाही बरतने वाले प्रतिष्ठानों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

दीपावली पर्व को देखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा विशेष सघन खाद्य सुरक्षा अभियान संचालितमिठाई, मावा, पनीर एवं अन्य खाद्य पदार्थों के लिए गए नमूने, विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत नियमों का पालन नहीं करने वाले प्रतिष्ठानों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

गौरतलब है कि दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर के आदेश एवं उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निर्देशानुसार दीपावली के त्योहार को ध्यान में रखते हुए विशेष सघन खाद्य सुरक्षा प्रवर्तन एवं जन जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के दौरान मितल ट्रेडर्स सक्ती से सोनपापड़ी एवं सूजी, पिहू होटल फगुराम से मिल्क केक, होटल देवराज से मलाई पेड़ा, सकर्रा के मामा-भांजा होटल एंड स्वीट्स से क्रीम रोल, अन्नपूर्णा होटल बाराद्वार से रसगुल्ला, मधुर स्वीट्स जैजैपुर से चमचम, सूर्या होटल एंड स्वीट्स हसौद से बूंदी लड्डू और कलाकंद, ननकीदाऊ मिष्ठान भंडार हसौद से पेड़ा तथा महाराजा होटल चंद्रपुर से बूंदी का नमूना लिया गया एवं जांच हेतु राज्य प्रयोगशाला भेजा गया। अन्नपूर्णा स्वीट्स चंद्रपुर, यादव होटल चंद्रपुर, बीकानेर स्वीट्स जैजैपुर, शिव शक्ति जोधपुर होटल, नटराज स्वीट्स, बनारसी होटल एवं छेदी होटल का भी निरीक्षण किया गया। साथ ही रैपिड टेस्ट किट की सहायता से मौके पर ही मिठाइयों और खोया का परीक्षण किया गया। जिन फर्मों में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के नियमों और शर्तों के अधीन कार्य संचालन नहीं पाया गया, उन फर्मों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है एवं संतुष्टिजनक जवाब नहीं मिलने पर आगे की वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। संयुक्त जांच दल में तहसीलदार सक्ती लीलाधर चंद्रा के साथ राजस्व विभाग से नायब तहसीलदार जागृति आनंद एवं पद्म लोचन पटेल, अभिहित अधिकारी अहसान तिग्गा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी निखिलेश साहू, शांतनु भट्टाचार्य एवं सरिता मरावी शामिल रहे। खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा खाद्य कारोबारियों से नियमों का पालन करने, साफ-सफाई रखने, मिठाइयों को खुले में नहीं रखने, अखाद्य रंग का प्रयोग नहीं करने तथा बिना मिलावट के समान बनाने की अपील की गई है।



खाद्य पदार्थो का सैंपल लेते अफसर।

15 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना नवागढ़ पुलिस ने एक आरोपी को 15 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

इस संबंध में नवागढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मिसदा निवासी आकाश कुमार साहू द्वारा अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब का परिवहन एवं बिक्री की जा रही है। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक मणिकांत पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर दबिश दी।



तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 15 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब, जिसकी अनुमानित कीमत 3 हजार रुपए है। पुलिस ने मौके पर ही शराब को जप्त कर आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

खबर संक्षेप

शारदा संगीत महाविद्यालय का स्नेह मिलन समारोह आज

बिर्रा। विकासखंड बम्हनीडीह के अंतर्गत शारदा संगीत महाविद्यालय बिर्रा का शनिवार 7 नवंबर को सुबह 10 बजे से दीपावली के अवसर स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। इस संबंध में शारदा संगीत महाविद्यालय बिर्रा के व्यवस्थापक मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि आचार्य चाणक्य सभागार में 7 नवंबर शनिवार को सुबह 10 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन होगा। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मणीलाल कश्यप, एकादशियां साहू ,दिनेश चंद्रा ,रितेश रमण सिंह आदि उपस्थित रहेंगे। इस दौरान संगीत शिक्षकों का सम्मान किया जावेगा। साथ ही उनके द्वारा संगीत कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जावेगी।

पंजाब नेशनल बैंक नैला में अनूप ने संभाला पदभार

नैला-जांजगीर। पंजाब नेशनल बैंक की नैला शाखा में नए ब्रांच मैनेजर के रूप में अनुप एक्का ने पदभार ग्रहण कर लिया है। शाखा में पदस्थ पूर्व ब्रांच मैनेजर का स्थानांतरण स्थानीय चेस्ट में होने के बाद उनके स्थान पर श्री एक्का की नियुक्ति की गई है। खास बात यह है कि अनुप एक्का पूर्व में भी नैला शाखा में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। ऐसे में उनकी वापसी से बैंक के खाताधारकों और नगरवासियों में हर्ष का माहौल है। बैंकिंग क्षेत्र में कृषि, उद्योग एवं बचत खातों से जुड़े कार्यों में विशेष रुचि रखने वाले अनुप एक्का स्थानीय क्षेत्र की गतिविधियों और जरूरतों से भी भली-भांति परिचित हैं। उन्होंने कहा कि बैंक में आने वाले प्रत्येक खाताधारक को बेहतर और सहज बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता रहेगी। ग्राहकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए विशेष ध्यान दिया जाएगा। उनके पदभार ग्रहण करने से बैंक के ग्राहकों को बेहतर सेवा और स्थानीय जरूरतों के अनुरूप बैंकिंग सुविधाएं मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

धोबी समाज के जिला प्रवक्ता एवं विधि सलाहकार बने शिवनारायण

जांजगीर-चांपा। रायपुर में आयोजित सामाजिक बैठक में धोबी समाज की नई



कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान धोबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने जिलाध्यक्ष श्रवण बरेठ की अनुशंसा पर अधिवक्ता शिवनारायण कर्ष को जांजगीर-चांपा जिले का प्रवक्ता एवं विधि सलाहकार नियुक्त किया है। शिवनारायण की नियुक्ति से समाज के लोगों में हर्ष का माहौल है। समाज के लोगों ने विश्वास जताया कि उनके अनुभव और मार्गदर्शन से समाज के संगठनात्मक कार्यों को मजबूती मिलेगी तथा सामाजिक हितों से जुड़े विषयों को प्रभावी ढंग से सामने रखा जा सकेगा।

दिवाली पर डॉ. महंत ने सक्ती विधानसभा को दी 2.96 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

सक्ती। दीपावली के अवसर पर नेता प्रतिपक्ष एवं सक्ती विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. चरणदास महंत ने क्षेत्रवासियों को विकास कार्यों की सौगात दी है। विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों, बूथ एवं मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं, पंचायत प्रतिनिधियों तथा आम नागरिकों की मांग पर उन्होंने विधायक निधि से कुल 2 करोड़ 96 लाख रुपये के 74 विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की है। इन कार्यों में विभिन्न गांवों में छतदार चबूतरा, मंगल भवन, मुक्तिधाम सह प्रतीक्षालय तथा अन्य सामुदायिक सुविधाओं के निर्माण को प्राथमिकता दी गई है। इस संबंध में डॉ. महंत के कलेक्टर कार्यालय के विधायक प्रतिनिधि एवं जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री गिरधर जायसवाल ने बताया कि विधायक ने वित्तीय वर्ष 2026-27 की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत कार्यों की स्वीकृति के लिए कलेक्टर जिला सक्ती एवं जांजगीर-चांपा को पत्र प्रेषित किया है। स्वीकृत कार्यों में दृष्टिबाधित बच्चों के लिए भवन निर्माण हेतु 10 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। वहीं सकरेली, गतवा, पालड़ी कला, डेरागढ़, सरवानी, रेडा, सुर्जुनी, टेमर, सकरेली खुर्द, चमरा, बरपाली, मरकामगोड़ी, परसदा खुर्द, लहंगा, गड़गोड़ी, खरीपारा, बेल्हाडीह एवं नंदौर खुर्द में छतदार चबूतरा निर्माण के लिए प्रत्येक गांव को 2 लाख 50 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं। ग्राम मसानिया खुर्द में आदिवासी समुदाय की मांग पर बूढ़ादेव स्थल के समीप चबूतरा निर्माण के लिए 3 लाख रुपये दिए गए हैं। इसी तरह उपकाचुवा, नवापारा खुर्द, रगजा, भद्रीपाली, कुरदा, पुटेकेला, अचानकपुर, बोकरामुड़ा, बैलाचुआ, जोगरा, पनारी, किरारी, नंदेली, आमापाली, बोरदा, बगबुड़वा, रैनखोल, कंदनारा, तुर्री, लिमतरा एवं सिघनसरा में मुक्तिधाम सह प्रतीक्षालय निर्माण के लिए प्रत्येक कार्य हेतु 5 लाख की स्वीकृति दी गई है।

निधन

अकती बाई कश्यप

पामगढ़। ग्राम पंचायत सिल्ली के वरिष्ठ कांग्रेस नेता रूपेश कश्यप की सास श्रीमती अकती बाई



कश्यप का 72 वर्ष की आयु में शुक्रवार 6 नवंबर की रात्रि 8 बजे निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार 7 नवम्बर को सुबह 10 बजे सिल्ली के मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गई है।

जल संसाधन विभाग से सीसी सड़क निर्माण की अनुमति नहीं मिलने से बढ़ी परेशानी

सब स्टेशन तक पहुंच मार्ग का अभाव कीचड़ में फंस रहे बिजली विभाग के वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के खरौद नगर में विद्युत व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से नये बिजली सब स्टेशन (विद्युत वितरण कार्यालय) का निर्माण किया गया है। यहां से विद्युत वितरण व्यवस्था के विस्तार के लिए बिजली केबल बिछाने, विद्युत खंभे लगाने सहित अन्य आवश्यक कार्य किए जा रहे हैं। लेकिन विडंबना यह है कि जिस सब स्टेशन से क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को सुचारू बनाने की जिम्मेदारी जुड़ी है, वहां तक पहुंचने के लिए आज तक पक्की सड़क का निर्माण नहीं हो सका है। इसके चलते बिजली विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार खरौद नगर में नवनिर्मित बिजली सब स्टेशन तक पहुंचने वाला मार्ग कच्चा है, जो जल संसाधन विभाग के अंतर्गत आता है। इस मार्ग पर सीसी सड़क निर्माण के लिए विभाग से अनुमति नहीं मिलने के कारण सड़क का पक्कीकरण नहीं हो पा रहा है। परिणामस्वरूप बारिश होने पर यह कच्चा मार्ग कीचड़ और दलदल में तब्दील हो जाता है। सड़क पर पानी भरने से आवागमन मुश्किल हो जाता है और भारी वाहन कीचड़ में फंस रहे हैं। सब स्टेशन से संबंधित विद्युत विस्तार कार्यों के लिए केबल, बिजली के खंभे एवं अन्य भारी उपकरणों की आवश्यकता पड़ती है। इन सामग्रियों को लेकर आने-जाने वाले वाहनों को कच्चे और कीचड़युक्त मार्ग से गुजरना पड़ता है। सड़क की खराब स्थिति के कारण कई बार वाहन रास्ते में ही फंस जाते हैं, जिससे विद्युत सामग्री की ढुलाई प्रभावित होती है। इसका सीधा असर बिजली विभाग के निर्माण एवं विस्तार कार्यों पर पड़ रहा है। वहीं समय पर आवश्यक सामग्री नहीं पहुंचने से शासकीय कार्यों में भी अनावश्यक विलंब हो रहा है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि पहुंच मार्ग जल संसाधन विभाग के अधीन होने के कारण सड़क निर्माण के लिए अनुमति की आवश्यकता है। वहीं बिजली विभाग को अपने कार्यों के सुचारू संचालन के लिए बेहतर पहुंच मार्ग की जरूरत है। ऐसे में अनुमति नहीं मिलने के कारण सड़क निर्माण का मामला अटका हुआ है। इसका खामियाजा बिजली विभाग के कर्मचारियों के साथ-साथ विद्युत संबंधी कार्यों को पूरा कराने में जुटे लोगों को भुगतना पड़ रहा है। स्थानीय स्तर पर इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। यदि जल संसाधन विभाग द्वारा सीसी सड़क निर्माण की अनुमति प्रदान की जाती है तो बिजली विभाग अथवा संबंधित एजेंसी के माध्यम से पहुंच मार्ग का पक्कीकरण कराया जा सकता है। इससे बारिश के दिनों में कीचड़ और दलदल की समस्या से मुक्ति मिलेगी तथा बिजली से संबंधित सामानों की आवाजाही भी सुगम होगी।



कीचड़ से होकर गुजरता बिजली विभाग का वाहन।

सात स्कूलों के विद्यार्थियों ने वैश्विक मुद्दों पर किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

विद्यार्थियों में वैश्विक दृष्टिकोण, तार्किक चिंतन, संवाद कौशल और नेतृत्व क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से दिल्ली पब्लिक स्कूल, में दो दिवसीय मॉडल यूनाइटेड नेशंस कॉन्फ्रेंस (एमयूएन 2.0) का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन में जिले सहित प्रदेश के सात विद्यालयों से पहुंचे विद्यार्थियों ने विभिन्न देशों

- डीपीएस में दो दिवसीय मॉडल यूनाइटेड नेशंस कॉन्फ्रेंस का भव्य आयोजन

के प्रतिनिधियों की भूमिका निभाते हुए अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। कूटनीतिक संवाद, तार्किक बहस और सामूहिक सहमति के जरिए वैश्विक चुनौतियों के समाधान तलाशने की इस पहल ने विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय मंच की कार्यप्रणाली से रूबरू कराया।

सम्मेलन में दिल्ली पब्लिक स्कूल जांजगीर-चांपा, हरिराम गट्टानी मेमोरियल जय भारत इंग्लिश मीडियम स्कूल जांजगीर, अरपा रिवर वैली इंटरनेशनल स्कूल बिलासपुर, मॉनेट डीएवी पब्लिक स्कूल रायगढ़, लोटस पब्लिक स्कूल जांजगीर, तक्षशिला इंटरनेशनल स्कूल शिवरीनारायण तथा दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल रायपुर के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। प्रतिभागियों ने विभिन्न देशों का प्रतिनिधित्व करते हुए वैश्विक चुनौतियों, समसामयिक विषयों और अंतरराष्ट्रीय सरोकारों पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से रखे। इस दौरान गंभीर चर्चा, तार्किक बहस और कूटनीतिक संवाद के माध्यम से समस्याओं के समाधान पर मंथन हुआ। विद्यार्थियों ने एक-दूसरे के विचारों को सुनने, मतभिन्नताओं का सम्मान करने और सामूहिक सहमति बनाने की क्षमता का भी परिचय दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जयदीप गर्ग रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रवीण मिश्रा तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सिविल न्यायाधीश (वरिष्ठ श्रेणी) मनोज कुमार कुशवाहा उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को न्याय, संवेदनशीलता, उत्तरदायित्व और जागरूक नागरिकता के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ विश्व की वास्तविक परिस्थितियों को समझने और उन पर गंभीरता से विचार करने की क्षमता भी विकसित करनी चाहिए। दो दिवसीय सम्मेलन का समापन समारोह भी गरिमामय वातावरण में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी जन्मेजय महोबे ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें आत्मविश्वासी, जिम्मेदार और सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूक नागरिक बनने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर दिल्ली पब्लिक स्कूल की प्राचार्य कल्पना सिंह तथा जय भारत इंग्लिश मीडियम स्कूल जांजगीर की प्राचार्य गुरमीत कौर धनजल उपस्थित रहीं। समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। आयोजन की सफलता में प्रभारी शिक्षक निशांत कुमार, केशर कश्यप एवं माया सिंह सहित स्वयंसेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विद्यालय प्रबंधक सी.एम. पांडेय ने आयोजन की सफलता पर समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथि एवं उपस्थित छात्र-छात्राएं।

धरदेई में यादव समाज भवन के नवनिर्माण का विधायक ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राहौद

ग्राम धरदेई में यादव समाज भवन के नवनिर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। पामगढ़ विधायक शेषराज हरबंश ने विधिवत पूजा-अर्चना कर भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

भूमिपूजन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक शेषराज हरबंश ने कहा कि सामाजिक भवन किसी भी समाज की एकता, आपसी भाईचारे और सामूहिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण केंद्र होता है। ऐसे भवनों के निर्माण से समाज के लोगों को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजनों के लिए एक बेहतर स्थान उपलब्ध होता है। उन्होंने कहा कि यादव समाज भवन का निर्माण समाज के लोगों को एक मंच पर जोड़ने के साथ ही आपसी मेल-मिलाप और सामाजिक समरसता को भी मजबूत करेगा। कार्यक्रम में जनपद सदस्य श्रीमती शांता दीनदयाल साहू, अठोरिया यादव समाज के अध्यक्ष जवाहर यादव, सन्नी यादव (जनपद सदस्य प्रतिनिधि) एवं धरदेई सरपंच साकेत कर्ष



सहित दिलचंद यादव, होरील यादव, इतवारी यादव, राम यादव, किशन यादव, नीरज खूँटे, घासीराम चौहान, विनोद यादव, मुकेश यादव, पुनाऊराम यादव, अशोक यादव, सखा यादव, अश्वनी यादव, गणेश प्रसाद यादव, डेरहा यादव, साहेबलाल यादव, रामकुमार यादव, अक्षय यादव, अयोध्या यादव, भुरवा यादव, खीखराम यादव, रामसाय यादव, रमेश यादव, कृष्णा यादव सहित यादव समाज के गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

ज्ञान, विज्ञान, कला, संस्कृति और नवाचार के मॉडलों ने मोहा दर्शकों का मन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

लायंस डीएवी पब्लिक स्कूल, अकलतरा में गुरुवार को वार्षिक शैक्षिक प्रदर्शनी 'सृजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडीएम अकलतरा सुमित बघेल ने विद्यालय अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा एवं

- लायंस डीएवी स्कूल की वार्षिक प्रदर्शनी 'सृजन' में दिखी रचनात्मक प्रतिभा

अन्य अतिथियों की उपस्थिति में फीता काटकर किया। प्रदर्शनी में विद्यालय के सभी विभागों के विद्यार्थियों ने आकर्षक मॉडल, चार्ट, कार्यशील प्रतिकृतियों एवं परियोजनाओं के माध्यम से अपने ज्ञान और कल्पनाशीलता का प्रदर्शन किया।

विज्ञान विभाग में जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, सौर एवं पवन ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण तथा मानव शरीर से संबंधित मॉडल आकर्षण का केंद्र रहे। गणित विभाग ने ज्यामितीय आकृतियों एवं दैनिक जीवन में गणित के उपयोग को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया, वहीं सामाजिक विज्ञान विभाग में भारतीय इतिहास, भूगोल, संविधान एवं सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिली। अंग्रेजी विभाग ने संयुक्त राष्ट्र के 17 सतत विकास लक्ष्यों के साथ पशु-पक्षियों पर आधारित रोचक गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण एवं जीवन कौशल का संदेश दिया। हिंदी एवं संस्कृत विभाग की संयुक्त प्रस्तुति में आकर्षक 'कवि दरबार' के माध्यम से महान साहित्यकारों, रस, अलंकार, संधि, समास, श्लोक एवं भारतीय ज्ञान परंपरा को जीवंत रूप में प्रदर्शित किया गया। वाणिज्य विभाग में बैंकिंग, बचत, निवेश एवं लेखांकन से संबंधित मॉडल प्रस्तुत किए गए, जबकि कला एवं शिल्प विभाग में अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी सामग्री निर्माण की कलात्मक प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण रहीं। संगीत, शारीरिक शिक्षा एवं प्री-प्राइमरी विभाग के विद्यार्थियों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से प्रदर्शनी को विविधतापूर्ण बनाया। भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्मिक विरासत पर आधारित महालक्ष्मी, मां सरस्वती और भगवान गणेश का दरबार, भाई दूज का दृश्य तथा भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत धारण करने की झांकी ने दर्शकों का मन मोह लिया। इसके साथ ही डीएवी संस्था के प्रेरणास्रोत महात्मा हंसराज एवं स्वामी दयानंद सरस्वती के जीवन और योगदान को भी प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता एवं शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की।



मॉडल प्रदर्शनी का अवलोकन करते अतिथि।

इंटर स्टेट स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 3 एवं 4 नवंबर को शिवरीनारायण एवं खरौद में आयोजित इंटरस्टेट स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में यूनिक पब्लिक स्कूल, जांजगीर के 10 विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी पवन सुलतानियां एवं विशिष्ट अतिथि सुबोध शुक्ला (पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष), प्रकाश बंसल, राजेश अग्रवाल, पुरुषोत्तम शर्मा, विष्णुहरी गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरुण पाण्डेय ने किया। प्रतियोगिता में विद्यालय के 7 बालकों एवं 3 बालिकाओं ने क्रिकेट एवं खो-खो खेलों में हिस्सा लिया।क्रिकेट में प्रथम स्थानः अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में यांश महिपाल, रितेश शुक्ला, ह्रषभ परमहंस, यमन पाण्डेय, चिराग कुमार सूर्यवंशी, आयुष यादव एवं रियान मधुकर की टीम ने जे.के. इंटरनेशनल स्कूल, बिलासपुर को पराजित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।खो-खो में द्वितीय स्थानः अंडर-14 खो-खो प्रतियोगिता में दुर्गेश्वरी कश्यप, मुस्कान कश्यप एवं



मेडल के साथ उपस्थित बच्चे।

नैंसी मधुकर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान हासिल किया। इस शानदार उपलब्धि पर यूनिक पब्लिक स्कूल जांजगीर के संचालक अखिलेश सिंह सेंगर और विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार पांडा सभी विजेता खिलाड़ियों एवं कोच शिक्षकों का अभिनंदन करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। विद्यार्थियों का मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण यूनिक पब्लिक स्कूल के शिक्षक एवं कोच वरुण सिंह ठाकुर एवं सुश्री शालिनी राठौर द्वारा किया गया।

शिव-पार्वती विवाह की कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम सिलादेही के बजरंग चौक सड़कपारा में मोहल्लेवासियों के सहयोग से आयोजित संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह देखने को मिल रहा है।

कथा के चतुर्थ दिवस कथा वाचिका देवी गीतांजलि शर्मा चौरेल मंदिर बालोद ने माता पार्वती के जन्म से लेकर भगवान शिव और माता पार्वती के दिव्य विवाह तक के प्रसंगों का भावपूर्ण एवं विस्तारपूर्वक वर्णन किया।कथा वाचिका ने बताया कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की। उनकी अटूट श्रद्धा, निष्ठा और समर्पण से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें अपनी अर्धांगिनी के रूप में स्वीकार किया। इसके पश्चात भगवान शिव और माता पार्वती का दिव्य विवाह संपन्न हुआ। उन्होंने शिव-पार्वती विवाह प्रसंग के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति, प्रेम, त्याग, तपस्या और समर्पण का महत्व समझाया। कथा के दौरान देवी गीतांजलि शर्मा ने मधुर भजनों और संगीतमय प्रस्तुति के माध्यम से शिव महिमा का ऐसा वर्णन किया कि श्रद्धालु भक्तिरस में डूब गए। शिव-पार्वती विवाह के प्रसंग पर कथा पंडाल हर-हर महादेव और जय भोलेनाथ के जयघोष से गूंज उठा। कथा श्रवण करने लखन लाल देवांगन, एकादशिया साहू, राजकुमार पटेल, तीजूराम साहू, रामेश्वर साहू, राजू केंवट, रामसाय, एम.एल. साहू, रामाधार केंवट, भागवत पटेल, एकादशिया पटेल, ओमप्रकाश पटेल, डेक्शन साहू, फिरतू साहू, गीताराम, रितेश तिवारी, गोविंद तिवारी, अनिल पटेल, हीरालाल कहरा, प्यारेलाल पटेल, दिलहरण देवांगन, गोवर्धन साहू, परस श्रीवास, मनोज साहू, शंकु पटेल, संतोष वैष्णव, भोला साहू, दादू पटेल ,बंशी साहू एवं रामप्यारे पटेल सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं श्रद्धालु उपस्थित थे।



नंदेली में 250 बच्चों के चेहरों पर बिखरी मुस्कान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

विगत 24 वर्षों से सेवाभाव और संवेदना का दीप जलाने वाली विप्लव शिक्षण एवं कल्याण समिति ने इस वर्ष भी गुरुवार 5 नवंबर को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के गांव नंदेली (विकासखंड पामगढ़) के पूर्व

- पटाखे, दीये, मिठाई, अध्ययन सामग्री प्रदान कर वर्षों की परंपरा को रखा कायम, ग्राम नंदेली में किया आयोजन

माध्यमिक शाला में विप्लव दीपोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 250 बच्चों के साथ दीपावली मनाई गई।

बच्चों को पटाखे, दीये, मिठाई, अध्ययन सामग्री, खेल सामग्री और उपहार वितरित किए गए। संस्थापक सदस्य डॉ. अश्वनी राठौर, विकास मिश्रा और व्याख्याता दीपक कुमार यादव ने संस्था की स्थापना और उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी तथा कहा कि विप्लव का यह दीप समाज



बच्चों को सामग्री प्रदान करते विप्लव शिक्षण एवं कल्याण समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य।

के हर कोने तक सेवा का संदेश लेकर पहुंच रहा है। इस अवसर पर विशेष रूप से ग्राम के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी दिवंगत पंचकौड़ प्रसाद पांडेय, दिवंगत भागवत प्रसाद शर्मा एवं अपने शिक्षकीय जीवन में कई विद्यार्थियों का भविष्य सँवारने वाले दिवंगत किशोरीलाल शर्मा सहित ग्राम के बुजुर्ग दिवंगत गेंद राम यादव का स्मरण किया गया। उपस्थित डॉ. परस शर्मा, आलोक शर्मा, फलेश कुमार राठौर (प्र. पाठक), अशोक कुमार तिवारी, वाकेश्वर प्रसाद बर्मन, शशी भूषण सिंह (प्र. पाठक), श्रीमती भामिनी सिंहसर्वा, श्रीमती दीपिका सिंह, अनूप शर्मा, कन्हैया साहू, पुरुषोत्तम साहू, रामलाल धीवर, संजीव शर्मा, चादनी साहू (उपसरपंच), आलोक शुक्ला शर्मा, शिवकुमारी शर्मा, रामकुमार शर्मा, छोटेलाल भैंना, और लछिछ राम साहू मंचस्थ रहे। डॉ. परस शर्मा ने अपने पिता की स्मृति में सभी सदस्यों को वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। संस्था ने ग्राम के वरिष्ठों को शाल, श्रीफल और मिठाई से सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक हरीश गोपाल ने किया। सन 2003 की दीपावली पर शिक्षक दीपक कुमार यादव की सोच से प्रारंभ हुआ यह सामाजिक अभियान उस समय के छात्र रहे डॉ. अश्वनी राठौर और विकास मिश्रा ने मिलकर शुरू किया था।



